email-gecararia@gmail.com
website-http://spnrecararia.ac.in/

श्री फणीश्वर नाथ रेणु अभियंत्रण महाविद्यालय,अररिया

(विज्ञान एवं प्रावैधिकी विभाग, बिहार सरकार) 854318

बिहार सरकार

श्री फणीश्वर नाथ रेणु अभियंत्रण महाविद्यालय, अररिया के दो सौ चालीस (240) सीटों पर नामंकण शुरू।

बिहार सरकार के सात निश्चय कार्यक्रम के तहत विज्ञान एवं प्रावैधिकी विभाग के अधीन सभी जिलों में एक इंजिनियरिग कॉलेज खोले गये है, जिसमें श्री फणीश्वर नाथ रेणु अभियंत्रण महाविद्यालय, अररिया जो कि मुख्यालय से लगभग 20 किलोमिटर और फॉरवीसगंज से 15 किलोमिटर के दूरी पर, सिमराहा नामक रेलवे हॉल्ट के समीप अवस्थित है। विश्व प्रसिद्ध लेखक श्री फणीश्वर नाथ रेणु के नाम से इस संस्थान का नामकरण हुआ है। इस संस्थान में एडमिशन के लिए इक्छूक विद्यार्थी को विज्ञान (गणित) से 12वी करने के बाद जेइई (JEE Main) की परीक्षा को पास करना होता है। तत्पश्चात JEE मेंन के स्कोर के आधार पर एडमिशन लिया जाता है। अब बीसीईसीइबी अलग से कोई परीक्षा आयोजित नहीं करती है। यहाँ बहुत ही कम शुल्क देकर बच्चे अपना इंजिनियरिग की पढ़ाई कर सकते है। कॉलेज के प्राचार्य डॉ० आत्मा राम गुप्ता ने बताया कि सत्र 2022-23 में नामांकन के लिए पूरी तैयारी की गई है। संस्थान में 240 सीट निर्धारित है।

इन चरणों में हो रहा नामांकन: प्रथम चरण का नामांकन 24 से 26 सितंबर तक तथा द्वितीय चरण का नामांकन प्रक्रिया 30 सितंबर से शुरू होगी। साथ ही बीसीईसीईबी (एलइ) के माध्यम से द्वितीय वर्ष नामांकन 26 से 28 सितंबर तक तथा द्वितीय चरण 8 अक्टूबर से 10 अक्टूबर तक नामांकन की प्रक्रिया संचालित होगी।

संस्थान पुरे तरीके से आवासीय है, जिसमें बालक छात्रावास, बालिका छात्रावास, प्राचार्य, प्रोफेसर व कर्मचारी आवास, गेस्ट हाउस होने के साथ–साथ मेस भी शामिल है। छात्रावास के सभी कमरे अच्छी तरह से सुसज्जित, 24 घंटे बिजली, पानी एवं लिफ्ट की सुविधा उपलब्ध है। छात्र–छात्राओं को खेलने के लिए मैदान, एवं चिकित्सक सुविधा भी उपलब्ध है। सप्ताह में एक दिन संस्थान के अंदर ही सरकारी चिकित्सकों द्वारा चिकित्सा की सुविधा के साथ दवाई भी उपलब्ध कराई जाती है।

श्री फणीश्वर नाथ रेणु अभियंत्रण महाविद्यालय, अररिया में अभी मैकेनिकल इंजीनियरिंग, इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग, सिविल इंजीनियरिंग, और इलोक्ट्रॉनिक्स एंड कम्यूनिकेशन इंजीनियरिंग से संबंधित छात्र–छात्राओं की पढ़ाई होती है। यहाँ के छात्र–छात्राओं को प्रयोगशाला, पुस्तकालय एवं कर्मशाला की आधुनिक सुविधा प्रदान की गयी है, जिससे छात्र–छात्राओं वर्गाध्यापन के बाद प्रायोगिक ज्ञान प्राप्त करते है। वर्गाध्यापन के साथ यहाँ के शिक्षकों द्वारा करियर एनहांसमेंट कोर्स जैसे GATE क्लास एवं स्पोकन टयूटोरियल की क्लास ली जाती है।

संस्थान में B.Tech (4 years) पढ़ाई का शुल्क–

Institute Fee	GEN/OBC/EBC	ST/SC
Admission Fees (One Time)	Rs. 3000/-	Rs. 2880/-
Exam Fees	Rs. 3700/- per sem upto 7th sem. Rs. 4200/- for 8th Sem	Rs. 700 x 8 per sem
Development Fee/Year	Rs. 2500	Rs. 2500
Registration Fees (One Time)	Rs. 2100	Rs. 2100
Tution Fees/Month	Rs. 10	Rs. 10

प्रभारी प्राचार्य
श्री फणीश्वर नाथ रेणु अभियंत्रण महाविद्यालय
अररिया।